उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 14.03.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 14.03.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 14.03.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद में यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर प्रभारी यातायात द्वारा जनपद में भ्रमण कर विभिन्न स्थलों में यातायात व्यवस्था का किया गया औचक निरीक्षण, वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक..

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आज दिनांक 14.03.2024 को जनपद में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिये प्रभारी यातायात महोबा श्री सुनील कुमार सिंह द्वारा जनपद मुख्यालय में प्रमुख स्थानों का भ्रमण कर यातायात पुलिस कर्मियों की मौके पर मौजदूगी की तस्दीक करते हुये ड्यूटियों को चेक किया गया साथ ही जनपद में यातायात व्यवस्था से रूबरू होते हुये विभिन्न महत्वपूर्ण चिन्हित प्वाइंटों पर पहुंच कर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी यातायात द्वारा यातायात पुलिस कर्मियों को जनपद में यातायात व्यवस्था अक्षुण्य/गतिमान बनाये रखने के सम्बन्ध मे ब्रीफ कर आवश्यक दशा-निर्देश दिये गये।

इसी क्रम में जनपद महोबा में होने वाली विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाए जाने व आमजनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाने हेतु यातायात प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु जागरूक किया गया साथ ही वाहन चलाये समय हेलमेट का प्रयोग करते हुए निर्धारित जनशक्ति को ही वाहन में बैठायें, वाहन चलाये समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें इत्यादि नियमों की जानकारी प्रदान करते हुए सभी वाहन चालकों को यातायात नियमो का पालन करते हुए सडक पर चलने की हिदायत दी गई।







## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना चरखारी का किया गया वार्षिक निरीक्षण, थाना कार्यालय के समस्त अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश..।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा आज दिनांक 14.03.2024 को थाना चरखारी जनपद महोबा का वार्षिक निरीक्षण किया गया जिसमें सर्वप्रथम थाना स्थानीय पर सुसज्जित सलामी गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा को सलामी दी गयी, सलामी के उपरान्त निम्नवत क्रम में निरीक्षण किया गया व सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये-

**थाना परिसर/कार्यालय-** निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, मैस, बैरक, हवालात, शौचालय आदि को चेक करने के साथ साथ थाने के शस्त्रागार तथा थाना कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेखों क्रमशः अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर तथा फ्लाईशीट का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना स्तर पर की गयी कार्यवाहियों/तैयारियों की समीक्षा करते हुये सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**महिला /साइबर हेल्प डेस्क-** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत व महिला सम्बन्धित शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेने व त्वरित कार्यवाही हेतु थाना अजनर पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा डियूटी पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों को महिला सम्बन्धी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर शिकायत पर की गयी कार्यवाही भी दर्ज करने के साथ-साथ पीडित से फीडबैक लेने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये साथ ही साथ साइबर हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

**माल निस्तारण-** थाना चरखारी पर अभियोगों से सम्बन्धित मुकदमाती मालों का निरीक्षण करते हुए उनके तत्काल निस्तारण हेतु थानाध्यक्ष चरखारी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित मालों को मा0 न्यायायल से अनुमति प्राप्त उपरान्त नियमानुसार निस्तारण कराया जाये।

**सैनिक सम्मेलन-** पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाने पर मौजूद सभी पुलिसकर्मियों के साथ सैनिक सम्मेल/वार्ता की गयी तथा उनकी समस्या को जानकर तत्काल निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया साथ ही पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति अच्छा व्यवहार रखने तथा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत लगन तथा निष्ठापूर्वक ड्यूटी किये जाने हेतु प्रेरित किया गया एवं थाना स्तर पर लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण करवाये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**पीस कमेटी-** इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चरखारी पर आगामी त्यौहार होली एवं रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम चौकीदारों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी ।

मीटिंग में आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने तथा नागरिकता संशोधन अधिनियम से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने व पालन करने हेतु अपील की गयी ।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रवि गौंड, थानाध्यक्ष चरखारी श्री गणेश कुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक श्री संतोष कुमार, सहित थाना चरखारी में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।